सारांश

प्रस्तुत कविता में कवि जीवन में सच्ची खुशी प्राप्त करने का रास्ता बताता है। कवि के अनुसार जीवन में सबसे अच्छी चीजें जो हमें प्रसन्नता प्रदान करती हैं, छोटी और साधारण चीजों में निहित है। ये साधारण चीजें हमें सबसे अधिक आनन्द प्रदान करती हैं। प्रकृति की छोटी सरल चीजों को देखने पर, रोटी के स्वाद में, किसी पुराने गीत को सुनने में, किसी बच्चे की उन्मुक्त हँसी को सुनकर, आसमान में इन्द्रधनुष देखकर, आराम करने के लिए समय मिलने पर...... इन छोटी बातों में, इन साधारण चीजों में हमें दरअसल सबसे अधिक आनन्द की प्राप्ति होती है। इस कविता के माध्यम से कवि यह संकेत करता है कि हमें अपना जीवन बड़ी चीजों, बड़े लक्ष्य के पीछे भागने में ही व्यर्थ न गवाँ देना चाहिए बल्कि जीवन में आस-पास बिखरे, प्राप्त साधारण चीजों का रस भी लेते रहना चाहिए जो कि हमें सर्वाधिक प्रसन्नता प्रदान करती रहती हैं।